वस्त्र मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2823

दिनांक 10.03.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

"राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम"

2823.श्री विनोद लखमशी चावड़ाः
श्री भोजराज नागः
डॉ. राजेश मिश्राः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) के विभिन्न घटकों के अंतर्गत कवर किए गए शिल्पकारों की संख्या कितनी है;

(ख) एनएचडीपी के अंतर्गत शिल्पकारों और शिल्पकार समूहों को सीधे प्रदान की गई वित्तीय सहायता सहित उपकरण, कच्चा माल, विपणन और बुनियादी ढांचे के लिए दी गई सहायता का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस अवधि के दौरान अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों, मेलों और क्रेता-विक्रेता सम्मेलनों में भारतीय हस्तशिल्पकारों और निर्यातकों की भागीदारी में वृद्धि हुई है;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा तुलनात्मक आंकड़े एवं लक्षित प्रमुख बाजार क्या है; और

(ङ) सीधी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में ऐसे लाभार्थियों की कुल संख्या कितनी है?

उत्तर

वस्त्र मंत्री

(श्री गिरिराज सिंह)

(क): वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2025-26 के दौरान राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) के विभिन्न घटकों के अंतर्गत कवर किए गए शिल्पकारों की कुल संख्या 4,82,678 है।

(ख): राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) योजना के अंतर्गत, पात्र एजेंसियों/शिल्पकारों को कौशल विकास, डिजाइन विकास कार्यशालाएं, बुनियादी ढांचे, घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हस्तशिल्प उत्पादों के विपणन तथा शिल्पकार मुद्रा योजना के अंतर्गत ऋण रियायत और सामाजिक सुरक्षा आदि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2025-26 के दौरान एनएचडीपी योजना के अंतर्गत कुल 821.02 करोड़ रुपए व्यय किया गया।

(ग) एवं (घ): राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) के विपणन सेवाएं एवं सहायता घटक के अंतर्गत, शिल्पकारों/निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय मेलों, विषयगत प्रदर्शनियों, विदेशों में रोड शॉ, क्रेता विक्रेता बैठकों एवं रिवर्स क्रेता विक्रेता बैठकों और अंतरराष्ट्रीय शिल्प एक्सपोज़र कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रतिनियुक्त किया जाता है। इसके अतिरिक्त, सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के तहत लाइव शिल्प प्रदर्शन हेतु पुरस्कार विजेता (जैसे पद्म श्री एवं शिल्प गुरु) भी प्रतिनियुक्त किए जाते हैं। वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2025-26 के दौरान अंतरराष्ट्रीय विपणन कार्यक्रमों में भाग लेने वाले शिल्पकारों/निर्यातकों की संख्या नीचे दी गई हैः

शीर्षवार ब्यौरा	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26
शिल्पकार/निर्यातक	437	585	648	929	1114
मुख्य बाजार (देश)	2	8	7	16	13

(ङ): वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2025-26 के दौरान सीधी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में लाभान्वित कारीगरों की कुल संख्या 168 है।

****